प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ और प्रयागराज सहित देश में 45 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक नवनियुक्तों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र।
2. प्रधानमंत्री ने कहा– पिछले डेढ़ साल में करीब दस लाख से अधिक युवाओं को दी गई हैं सरकारी नौकरियां।
3. पीलीभीत में आज सुबह उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गये खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादी।

और

4. पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती आज प्रदेशभर में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई जा रही है : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को किया सम्मानित।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लखनऊ और प्रयागराज सहित देश में 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेलों में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में 71 हजार से अधिक नवनियुक्तों को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले

डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। बाइट.....

*भारत के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है।*

इस अवसर पर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि 71 हजार में से लगभग 50 हजार नियुक्तियां अर्द्ध सैनिक बलों में की गई हैं। उन्होंने कहा कि कुल नियुक्तियों में स लगभग 21 हजार नियुक्ति पत्र अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को वितरित किए गए हैं।

देशभर में 45 जगहों पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के क्रम में प्रदेश के लखनऊ जनपद के बिजनौर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल परिसर में केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने विभिन्न विभागों के लिये चयनित किये गये अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। बाइट......

*सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी भावी पीढ़ी है, हमारी युवा है और देश को आगे ले जाने के लिए यही लोग कि जो हमारे देश के युवा हों उनको सबसे पहले तो उनको हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराया जाये। चाहे एजुकेशन हो, चाहे ट्रेनिंग हो जिससे वो आगे अपना रोजगार पा सकें और रोजगार के लिए हर यथासंभव मदद करना हम लोगों की जिम्मेदारी है। चाहे वो प्रशिक्षण हो, ट्रेनिंग हो, इंटर्नशिप हो। इस तरह की बहुत सारी योजनाएं*

*भारत सरकार चला रही है। उसी के तहत आज हमारे इस सीआरपीएफ के सेंटर में तेरह सौ युवाओं को हम लोगों ने नियुक्ति पत्र उनको दिया गया है और पूरे देश में आज की तारीख में इकहत्तर हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र आज बांटा गया है।*

उधर, प्रयागराज में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अनुप्रिया सिंह पटेल ने नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी में भर्ती की जा रही है। बाइट.....

*भारत सरकार के चौदहवे रोजगार मेला का आयोजन आज किया गया ।इसी क्रम में आज प्रयागराज में हमारे अलग अलग मंत्रालयों में विभिन्न अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए है। मिशन मोड पर हमारी सरकार देश के युवाओं को सरकारी नियुक्ति के अवसर प्रदान कर रही है और दस लाख सरकारी नियुक्ति देने का हमने लक्ष्य निर्धारित किया था और इसमें कहीं कोई विराम नहीं लगा है। ये सिलसिला जारी है। देश के युवा विभिन्न मंत्रालयों में जाकर विकसित भारत ए ट्वेंटी फोर्टी सेवेन के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करेंगे।*

रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र पाने वाले कर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। बाइट......

*मेरा नाम इरम है। मेरा अपॉइंटमेंट अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में टीजीटी मैथमेटिक्स की पोस्ट पर हुआ है। यह रोजगार मेला सरकार की एक अच्छी पहल है क्योंकि जब ऐसे कार्यक्रम को युवा पीढ़ी जब इनको देखती है तो उन्हें बड़ी प्रेरणा मिलती है और उन्हें आगे बढ़ने का बहुत हौसला मिलता है और उनके दिल में भी एक ख्वाहिश होती है कि वो भी इसी तरह के कार्यक्रम में भाग लें।*

नियुक्ति पत्र पाने वाले एक अन्य कर्मी ने बताया कि....

*मेरा नाम भारती त्यागी है मैं हापुड़ उत्तर प्रदेश की निवासी हूँ और मैं आज रोजगार मेला में अपना नियुक्ति पत्र लेने के लिए आई हूँ। मेरा सिलेक्शन कैनरा बैंक में ऐज ऐ प्रोबेशनरी ऑफिसर पद पर हुआ है। ये बहुत ही गौरव का पल है सबके लिए ही जो भी यहाँ पर आए है सबने बहुत मेहनत की है और प्रधानमंत्री जी का ये जो इनिशिएटिव है की रोजगार मेला के थ्रो दस लाख लोगों को सरकारी नौकरियाँ दिलाई जाए।*

——————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में महाकुम्भ मेला क्षेत्र में टेंट सिटी और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, इसके बाद मुख्यमंत्री ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर महाकुंभ मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने महाकुंभ से संबंधित सभी कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरे करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज दौरे के दौरान दशाश्वमेध–घाट पर पूजा अर्चना भी की।**

——————————

**पीलीभीत जिले में आज यूपी और पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकी मारे गए। माना जा रहा है कि ये आंतकी 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में खालिस्तानी आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। पुलिस की संयुक्त टीम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने**

गोलीबारी शुरू कर दी और मुठभेड शुरू हो गई। मुठभेड में आतंकी गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर अस्पताल भेजा गया। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ये तीनों आरोपी खालिस्तान कमांडो फोर्स नामक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े बताये गये है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती आज प्रदेशभर में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर लखनऊ स्थित विधान भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत किसानों को ट्रैक्टर की चाभी वितरित करने के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों और श्रेष्ठ उत्पादन करने वाले

किसानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी साहब की भावनाओं के अनुरूप डबल इंजन की सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। बाइट.....

*जो प्रयास दो हज़ार चौदह से प्रारंभ हुआ वह अभूतपूर्व है। वह चाइल्ड हेल्थ कार्ड की व्यवस्था हो, उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाने का कार्य हो, खेती को तकनीक के साथ जोड़ने का कार्य हो या फिर किसानों के लिए किसान कृषक दुर्घटना बीमा योजना हो, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना हो, फसल बीमा योजना हो। कृषि सिंचाई की योजना हो या फिर किसान सम्मान निधि। आजादी के बाद जिन बातों के लिए चौधरी साहब का कांग्रेस के साथ मतभेद हुआ था और वह किसानों का मुद्दा था उन मुद्दों को पहली बार भारत के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाकर के सरकार की प्राथमिकता का विषय बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया।*

चौधरी चरण सिंह की जन्म स्थली हापुड़ जनपद में गांव नूरपुर की मड़ैया में किसान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले 41 किसानों को सम्मानित किया। मेरठ, इटावा, अमरोहा और रायबरेली सहित विभिन्न जनपदों में चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला गया।

—————————

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जनपदों में 19 से 24 दिसम्बर के मध्य सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रक्षामंत्री

और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह कल शहर में अटल युवा महाकुंभ और अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ करेंगे। रक्षामंत्री 25 दिसम्बर को लखनऊ के कुड़िया घाट पर अटल जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज वाराणसी में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर विषय पर  कार्यशाला आयोजित की गयी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि  अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। कार्यशाला में जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने  कहा कि शासन प्रणाली में कार्य करने वाले सभी लोगों का दायित्व है कि व जनता के प्रति जवाबदेह बने रहें।

——————————

देश की पहली सेमी हाई स्पीड स्वदेशी वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का ट्रायल शुरू हो चुका है। कल महोबा से खजुराहो के बीच सामान्य ट्रायल में ट्रेन को 115 किमी प्रति घंटे की गति से चलाया गया। इसमे सफलता मिलने पर आज इसका 130 की रफ्तार से ट्रायल किया गया। यूरोपियन तकनीक पर निर्मित इस ट्रेन का झांसी रेल मंडल के महोबा। खजुराहो के 63 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर ट्रायल किया गया। ट्रेन में 14 कोच ह और हर कोच में  72 बर्थ हैं।

(समाप्त)